गोपनीय/मुहरबंद

**बिहार सरकार**
**खेल विभाग**
**।। मंत्रिपरिषद के अनुमोदन हेतु संलेख।।**

विषयः— **प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने हेतु स्वीकृति के संबंध में।**

प्रगति यात्रा के क्रम में कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषणा की गई है।

2. कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के अन्तर्गत निम्नलिखित खेल अवसंरचनाओं का निर्माण किया जाना हैः—

**i** बहुद्देशीय भवन (मल्टीपर्पस हॉल) (40मी0 x 20मी0 x 12.5मी0)
जनोपयोगी भवन (युटिलिटी बिल्डिंग)
भू—तल, प्रथम तल

**ii** प्रशासनिक भवन—{जी+1} (एडमिन बिल्डिंग)
भू—तल
प्रथम तल

**iii** अनुषंगी भवन (एन्सिलरी बिल्डिंग)
भू—तल

**iv** सार्वजनिक शौचालय (2 ब्लॉक)
भू—तल

**v** सुरक्षा प्रहरी कमरा (गार्ड रूम)
भू—तल

3. खेल के क्षेत्र में बिहार राज्य ने व्यापक प्रगति की है। खेल के सभी विधाओं में राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण से राज्य में खेल प्रतियोगिताओं का वृहत् स्तर पर आयोजन होगा एवं युवाओं को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये जाने से उनमें खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और खेल संस्कृति में वृद्धि हुई है तथा व्यापक सहभागिता का माहौल बना है। स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण होने पर खेलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बिहार के युवाओं में सहभागिता बढ़ेगी। उक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा राज्य के खिलाड़ी कई राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी विशिष्ट पहचान बना पाएंगे।

4. प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

5. अतः प्रस्ताव है कि प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र के प्रशासनिक अनुमोदन के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान किया जाय।

6. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106–स्टेडियम एवं खेल संरचना विपत्र कोड 03–4059600510106 विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य के अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

7. उक्त प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति द्वारा दिनांक–24.02.2025 को अनुशंसा प्रदान की गयी है।

8. उक्त प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री की सहमति प्राप्त है।

9. उपर्युक्त कंडिका–5 पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्रार्थित है।

Rajendra 24.2.2025

**(डॉ० बी० राजेन्दर)**,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–28/2025 734 / पटना, दिनांक– 24.02/2025

प्रतिलिपि :–संलेख की 50 (पचास) अतिरिक्त प्रतियों के साथ मंत्रिपरिषद् की आगामी बैठक की कार्यावली में सम्मिलित करने हेतु मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को अग्रसारित।

Rajendra 24.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।